# मॉडल पेपर – 2

## खण्ड-अ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न

इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं आपदा प्रबंधन

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। किन्हीं 40 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। 40 × 1 = 40

प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प हैं, जिनमें से एक सही है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। अपने द्वारा चुने गए विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 40 प्रश्नों के उत्तर दें। (40×1=40)

1. एशिया और यूरोप के बीच कौन प्राचीन स्थल व्यापारिक मार्ग था ?
   (a) सूती मार्ग (b) रेशम मार्ग
   (c) उत्तरी पथ (d) दक्षिण पथ
2. चौरी-चौरा कांड के बाद गाँधीजी ने निम्नलिखित में से किस आंदोलन को बंद कर दिया ?
   (a) खिलाफत आंदोलन (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
   (c) असहयोग आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन
3. अन्तरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कब मनाया जाता है ?
   (a) 1 अप्रैल (b) 1 मई (c) 1 जून (d) 1 जुलाई
4. वर्तमान में भारत में कितने केन्द्र शासित प्रदेश हैं ?
   (a) 7 (b) 9 (c) 8 (d) 10
5. 'सूचना का अधिकार' संबंधी कानून कब पारित हुआ था ?
   (a) 2004 में (b) 2005 में (c) 2006 में (d) 2007 में
6. किसने कहा था "लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा तथा जनता के लिए शासन है" ?
   (a) अरस्तु (b) अब्राहम लिंकन
   (c) रूसो (d) सुकरात
7. पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा किस संविधान संशोधन से प्राप्त हुआ ?
   (a) 72 वाँ (b) 73 वाँ (c) 74 वाँ (d) 75 वाँ
8. भारत में लोकतंत्र की सफलता में क्या बाधा है ?
   (a) अशिक्षा (b) गरीबी
   (c) बेरोजगारी (d) इनमें से सभी
9. बिहार में रज्जू मार्ग कहाँ है ?
   (a) बिहार शरीफ (b) राजगीर
   (c) गया (d) बांका
10. सासाराम नगर का विकास कब हुआ था ?
   (a) मध्ययुग में (b) प्राचीन युग में
   (c) आधुनिक युग में (d) इनमें से कोई नहीं
11. गोविंद सागर कृत्रिम जलाशय सम्बन्धित है
   (a) रिहन्द बाँध से (b) हीराकुण्ड बाँध से
   (c) भाखड़ा नांगल बाँध से (d) नरौरा बाँध से
12. सर्वाधिक भूस्खलन प्रवण राज्य है
   (a) उत्तराखंड (b) ओडिशा
   (c) झारखंड (d) मध्य प्रदेश
13. बिहार का कौन सा भाग सर्वाधिक सूखा प्रवण है ?
   (a) उत्तर बिहार (b) पूर्वी बिहार
   (c) दक्षिण बिहार (d) इनमें से कोई नहीं
14. 1871 में कौन-सी संधि हुई थी ?
   (a) फ्रैंकफर्ट की संधि (b) पेरिस की संधि
   (c) वियना कांग्रेस (d) इनमें से कोई नहीं
15. 1830 की क्रांति के बाद फ्रांस में किस प्रकार का शासन स्थापित हुआ ?
   (a) संघीय व्यवस्था (b) संवैधानिक राजतंत्र
   (c) गणराज्य (d) अधिनायक
16. रूस की बोल्शेविक क्रांति का नेतृत्व किसने किया ?
   (a) केरेन्सकी (b) ट्रॉटस्की
   (c) लेनिन (d) स्टालिन
17. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौन करता है ?
   (a) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)
   (b) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
   (c) वित्त विभाग (d) राष्ट्रीय विकास परिषद्
18. निम्न में कौन पिछड़ा राज्य है ?
   (a) पंजाब (b) हरियाणा
   (c) महाराष्ट्र (d) बिहार
19. आर्थिक क्रियाओं का क्या उद्देश्य है ?
   (a) मनोरंजन (b) समाज सेवा
   (c) परोपकार (d) जीविकोपार्जन
20. भारत का राष्ट्रीय आय का सर्वप्रथम अनुमान किसने लगाया ?
   (a) महात्मा गाँधी (b) जवाहरलाल नेहरू
   (c) सरदार पटेल (d) दादाभाई नैरोजी
21. दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली संस्था कौन-सी है ?
   (a) कृषक महाजन (b) भूमि विकास बैंक
   (c) प्राथमिक कृषि साख समिति (d) इनमें से सभी
22. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?
   (a) 17 मार्च (b) 15 मार्च
   (c) 19 अप्रैल (d) 22 अप्रैल
23. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण क्या है ?
   (a) वनोन्मूलन (b) गहन खेती
   (c) अति पशुचारण (d) अधिक सिंचाई
24. सोपानी कृषि प्रचलित है
   (a) हरियाणा में (b) पंजाब में
   (c) बिहार के मैदानी क्षेत्रों में (d) उत्तराखंड में
25. बिहार में प्रायः कैसी मिट्टी पाई जाती है ?
   (a) लाल मिट्टी (b) काली मिट्टी
   (c) जलोढ़ मिट्टी (d) लैटेराइट मिट्टी
26. आयुर्वेद का जनक किन्हें कहा जाता है ?
   (a) पतंजलि (b) चरक
   (c) सुश्रुत (d) इनमें से कोई नहीं
27. बिहार में कितने प्रतिशत क्षेत्र में वन हैं ?
   (a) 15 (b) 20
   (c) 18 (d) 7

28. निम्न में से कौन लौह युक्त खनिज का उदाहरण है ?
(a) मैग्नेटाइट (b) अभ्रक
(c) बॉक्साइट (d) चूना पत्थर

29. सबसे घटिया कोयला है
(a) ऐंथ्रासाइट (b) बिटुमिनस
(c) लिग्नाइट (d) पीट

30. निम्न में से कौन रोपण फसल नहीं है ?
(a) रबड़ (b) गन्ना
(c) धान (d) चाय

31. भारत की प्रमुख खाद्यान्न फसल कौन है ?
(a) गेहूँ (b) मकई
(c) जौ (d) धान

32. बिहार में कितना प्रतिशत कृषि क्षेत्र है ?
(a) 50 (b) 60
(c) 80 (d) 36.5

33. निम्नांकित में कौन संचार सेवाओं का अंग है ?
(a) समाचारपत्र (b) टेलीफोन
(c) टेलीविजन (d) इनमें से सभी

34. मानवीय पूँजी निर्माण का मुख्य घटक है
(a) स्वास्थ्य सेवाएँ (b) आवास
(c) शिक्षा एवं प्रशिक्षण (d) इनमें से सभी

35. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ?
(a) आयात पर नियंत्रण (b) निर्यात पर नियंत्रण
(c) विश्व अर्थव्यवस्था (d) इनमें से कोई नहीं

36. अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र से हरित क्रांति सम्बन्धित है ?
(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्थान भारत में मुद्रा जारी करने के लिए अधिकृत है?
(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (b) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(c) संसद (d) राष्ट्रपति

38. बिहार राज्य है
(a) उद्योग प्रधान (b) पशुपालन प्रधान
(c) खनिज प्रधान (d) कृषि प्रधान

39. निम्नांकित में कौन हमारे रहन-सहन के स्तर को प्रभावित करता है ?
(a) राजकीय आय (b) राष्ट्रीय आय
(c) प्रति व्यक्ति आय (d) इनमें से कोई नहीं

40. बिहार में कितने जिले हैं ?
(a) 32 (b) 34
(c) 36 (d) 38

41. 'सम्पूर्ण क्रांति' का नेतृत्व किसने किया ?
(a) इंदिरा गांधी (b) महात्मा गांधी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) जय प्रकाश नारायण

42. बांग्लादेश कब स्वतंत्र हुआ ?
(a) 1969 (b) 1970
(c) 1971 (d) 1972

43. भारत में किस राज्य में सर्वप्रथम पंचायती राज की शुरूआत हुई ?
(a) राजस्थान (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

44. निम्नलिखित में से कौन केन्द्र शासित प्रदेश है ?
(a) उत्तराखंड (b) छत्तीसगढ़
(c) चण्डीगढ़ (d) केरल

45. संघ सरकार का उदाहरण है ?
(a) अमेरिका (b) भारत
(c) कनाडा (d) इनमें से सभी

46. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन है ?
(a) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (b) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
(c) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (d) पंजाब नेशनल बैंक

47. कृषि उत्पादों के मानकीकरण के लिए किस मानक का प्रयोग किया जाता है ?
(a) हॉलमार्क (b) एगमार्क
(c) इको मार्क (d) इनमें कोई नहीं

48. निम्न में से कौन प्राथमिक क्षेत्र से सम्बन्धित है ?
(a) सेवा क्षेत्र (b) औद्योगिक क्षेत्र
(c) कृषि क्षेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

49. तीनकठिया प्रणाली किन पर लागू थी ?
(a) किसानों पर (b) श्रमिकों पर
(c) व्यापारियों पर (d) उद्योगपतियों पर

50. जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिए सरकार ने किस समिति का गठन किया था ?
(a) हंटर समिति (b) डायर समिति
(c) मांटेग्यू समिति (d) चेम्सफोर्ड समिति

51. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्मस्थान कहाँ है ?
(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

52. ककोलत जलप्रपात बिहार के किस जिले में स्थित है ?
(a) पटना (b) नवादा
(c) मुंगेर (d) नालंदा

53. किस देश की सीमा बिहार से जुड़ी है ?
(a) नेपाल (b) भूटान
(c) बांग्लादेश (d) चीन

54. गठबंधन की सरकार बनाने के लिए किस प्रकार की दलीय व्यवस्था की जरूरत है?
(a) एकदलीय व्यवस्था (b) द्विदलीय व्यवस्था
(c) बहुदलीय व्यवस्था (d) इनमें से कोई नहीं

55. भारतीय जनता पार्टी के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) लाल कृष्ण आडवानी (b) मुरली मनोहर जोशी
(c) राजनाथ सिंह (d) वअटल बिहारी वाजपेयी

56. भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कब हुई ?
(a) 1970 (b) 1975
(c) 1977 (d) 1980

57. भूकम्प केन्द्र के उर्ध्वाधर पृथ्वी पर स्थित केन्द्र को कहते हैं
(a) भूकंप केन्द्र (b) अधिकेन्द्र
(c) उपकेन्द्र (d) इनमें से कोई नहीं

58. सुनामी सम्बन्धित है
(a) स्थल से (b) आकाश से
(c) समुद्र से (d) इनमें से कोई नहीं

59. मलबे के नीचे दबे लोगों का पता लगाने के लिए किस यंत्र का उपयोग होता है ?
(a) हेलीकॉप्टर (b) दूरबीन
(c) इन्फ्रारेड कैमरा (d) माइक्रोस्कोप

60. निम्नलिखित में कौन प्राकृतिक आपदा है ?
(a) आग लगना (b) बम विस्फोट
(c) भूकम्प (d) रासायनिक दुर्घटनाएँ

61. निम्न में से कौन खरीफ की फसल है ?
(a) गेहूँ (b) तिलहन
(c) जौ (d) धान

62. ऑपरेशन फ्लड क्या है ?
(a) बाढ़ नियंत्रण (b) डेयरी विकास
(c) बाँध का रखरखाव (d) इनमें से कोई नहीं

63. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना कब हुई ?
(a) 1930 (b) 1935
(c) 1942 (d) 1945

64. भारत में पहली सूती मिल कहाँ स्थापित की गई ?
(a) सूरत (b) मुम्बई
(c) अहमदाबाद (d) कोलकाता

65. जर्मनी के एकीकरण के लिए कौन उत्तरदायी था ?
(a) काउंट कावूर (b) बिस्मार्क
(c) गैरीबाल्डी (d) मेजिनी

66. फ्रैंकफर्ट की संधि किस वर्ष हुई थी ?
(a) 1964 में (b) 1866 में
(c) 1870 में (d) 1871 में

67. सेफ्टी लैम्प का आविष्कार किसने किया ?
(a) हम्फ्री डेवी (b) जार्ज स्टीफेंसन
(c) जेम्स वाट (d) क्राम्पटन

68. भारत छोड़ो आंदोलन का प्रसिद्ध नारा क्या था ?
(a) इंकलाब जिंदाबाद (b) करो या मरो
(c) फूट डालो और शासन करो (d) वन्दे मातरम्

69. समाजवादियों की बाइबिल किसे कहा जाता है ?
(a) सोशल कांट्रैक्ट (b) दास कैपिटल
(c) अप्रैल थीसिस (d) इनमें से कोई नहीं

70. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई ?
(a) 1857 में (b) 1885 में
(c) 1920 में (d) 1947 में

71. गाँधीजी ने भारत में सत्याग्रह का पहला प्रयोग कहाँ किया था ?
(a) चम्पारण में (b) खेड़ा में
(c) अहमदाबाद में (d) कोलकाता में

72. मुद्रण का अविष्कार कहाँ हुआ ?
(a) भारत (b) जापान
(c) चीन (d) अमेरिका

73. भारत में सबसे लम्बा बाँध है
(a) रिहन्द बाँध (b) हीराकुड बाँध
(c) भाखड़ा नांगल बाँध (d) नरौरा बाँध

74. किस खनिज को 'उद्योगों की जननी' कहा जाता है ?
(a) सोना (b) ताँबा
(c) लोहा (d) मैंगनीज

75. सर्वोत्तम कोयले का प्रकार कौन-सा है ?
(a) एन्थ्रासाइट (b) पीट
(c) लिग्नाइट (d) बिटुमिनस

76. गण्डक परियोजना है
(a) बेतिया में (b) बाल्मीकि नगर में
(c) मोतिहारी में (d) छपरा में

77. निम्न राज्यों में से किसमें सर्वाधिक वन-क्षेत्र है ?
(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) केरल

78. कहलगाँव तापीय विद्युत परियोजना है
(a) भागलपुर जिला में (b) मुंगेर जिला में
(c) बाँका जिला में (d) मुजफ्फरपुर जिला में

79. सुखे के लिए उत्तरदायी कारक है
(a) वर्षा की कमी (b) भूकम्प
(c) बाढ़ (d) ज्वालामुखी क्रिया

80. बिहार में कौन बाढ़ प्रवण क्षेत्र है ?
(a) पूर्वी बिहार (b) दक्षिण बिहार
(c) पश्चिम बिहार (d) उत्तर बिहार

## उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 2. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 3. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 4. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 5. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 6. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 7. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 8. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 9. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 10. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 11. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 12. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 13. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 14. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 15. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 16. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 17. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 18. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 19. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 20. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 21. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 22. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 23. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 24. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 25. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 26. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 27. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 28. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 29. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 30. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 31. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 32. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 33. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 34. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 35. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 36. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 37. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 38. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 40. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 41. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 42. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 43. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 44. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 45. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 46. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 47. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 48. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 49. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 50. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 51. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 52. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 53. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 54. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 55. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 56. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 57. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 58. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 59. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 60. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 61. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 62. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 63. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 64. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 65. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 66. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 67. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 68. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 69. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 70. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 71. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 72. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 73. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 74. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 75. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 76. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 77. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 78. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 79. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 80. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |

## खण्ड-ब : विषयनिष्ठ प्रश्न

### इतिहास

**निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** **3 × 2 = 6**

**प्रश्न 1. वियना काँग्रेस की दो उपलब्धियाँ बताइए।**

**उत्तर–वियना काँग्रेस की दो उपलब्धियाँ**—(i) वियना काँग्रेस के माध्यम से यूरोप में नेपोलियन युग का अन्त और मेटरनिख युग की शुरुआत हुई।

(ii) फ्रांस में वियना व्यवस्था के तहत क्रांति के पूर्व की व्यवस्था को स्थापित करने के लिए बूर्बो राजवंश को पुन: स्थापित किया गया तथा लुई 18वाँ फ्रांस का राजा बना।

**प्रश्न 2. औद्योगिक क्रान्ति के किन्हीं दो नकारात्मक प्रभावों को बताएँ।**

**उत्तर–औद्योगिक क्रांति के नकारात्मक प्रभाव**—(i) घरेलू उत्पादन पद्धति का स्थान कारखाना पद्धति ने ले लिया। फलस्वरूप गृह उद्योग नष्ट हो गए।

(ii) औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप बेरोजगारी में वृद्धि हुई।

**प्रश्न 3. बिहार के किसान आंदोलन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।**

**उत्तर**–महात्मा गाँधी भारतीय राजनीति में पदार्पण के साथ ही किसान आन्दोलन को एक नई दिशा मिली। इन्हीं में एक प्रमुख है चम्पारण आन्दोलन।

बिहार के चम्पारण जिले में नील उत्पादक किसानों की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। यहाँ नीलहे गोरों द्वारा तीनकठिया व्यवस्था प्रचलित थी जिसमें किसानों को अपनी उस भूमि के 3/20 हिस्से पर नील की खेती करनी होती थी जो सामान्यत: सबसे उपजाऊ भूमि होती थी, जबकि किसान नील की खेती नहीं करना चाहते थे क्योंकि इससे भूमि की उर्वरता कम हो जाती थी। बगान मालिक किसानों को अपनी उपज को एक निश्चित धनराशि पर केवल उन्हीं को बेचने के लिए बाध्य करते थे और यह राशि बहुत ही कम होती थी। इसके अलावा उन्होंने अपने लगान में अत्यधिक वृद्धि कर दी। इन सब अत्याचारों से त्रस्त एक किसान राजकुमार शुक्ल ने 1916 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में सबका ध्यान इस ओर आकृष्ट किया और महात्मा गाँधी को चम्पारण आने पर विवश किया। इसके बाद गाँधीजी ने किसानों को संगठित कर आंदोलन चलाया। इसे चम्पारण सत्याग्रह भी कहा जाता है।

**प्रश्न 4. स्लम पद्धति की शुरुआत कैसे हुई ?**

**उत्तर**–छोटे, गन्दे और अस्वास्थकर स्थानों में आवासीय स्थल 'स्लम' कहलाते हैं। औद्योगिकीकरण के दौरान शहर में रहने वाले श्रमिकों के लिए आवास की समस्या उत्पन्न हुई और उन्हें नारकीय स्थितियों में रहने को विवश होना पड़ा। इस प्रकार 'स्लम' क्षेत्रों की शुरूआत हुई।

**प्रश्न 5. आर्थिक संकट से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**–अर्थतंत्र में आनेवाली वैसी स्थिति को आर्थिक संकट कहते हैं जब उसके तीनों आधार–कृषि, उद्योग और व्यापार का विकास अवरुद्ध हो जाए। लाखों लोग बेरोजगार हो जाएँ, बैंकों और कंपनियों का दिवाला निकल जाए तथा वस्तु और मुद्रा दोनों की बाजार में कोई कीमत नहीं रहे। 1929–30 आर्थिक संकट इसका उदाहरण है।

**प्रश्न 6. चम्पारण सत्याग्रह का संक्षिप्त परिचय दीजिए।**

**उत्तर**–महात्मा गाँधी के आन्दोलन का आरंभ चम्पारण से हुआ। इस आन्दोलन में गाँधीजी ने सत्य और अहिंसा को हथियार बताया था, इसीलिए इसे चम्पारण सत्याग्रह कहा जाता है।

**निर्देश : प्रश्न संख्या 7 से 8 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।** **1 × 4 = 4**

**प्रश्न 7. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में प्रेस की भूमिका एवं प्रभावों की समीक्षा करें।**

**उत्तर**–जनमानस तैयार करने में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। समाचार पत्र-पत्रिकाएँ विविध घटनाओं, समस्याओं तथा विचारों के सम्बन्ध में जनता को सूचना प्रदान करने का कार्य करते हैं। साधारणतया समाचार-पत्रों में प्रकाशित इन सूचनाओं और विचारों के आधार पर ही जनसाधारण अपने विचारों का निर्माण करते हैं। शिक्षा के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार से समाचार-पत्र जनमत निर्माण एवं उसकी अभिव्यक्ति के सबसे महत्वपूर्ण साधन बन गए हैं।

भारत में प्रेस का विकास ब्रिटिश सरकार के निरंकुशतापूर्ण शासन में उनके विरोधों के बीच हुआ। ब्रिटिश शासक द्वारा समय-समय पर प्रेस पर नियंत्रण लगाने के पीछे सबसे बड़ा कारण स्वतंत्र लेखन से राष्ट्रवादी विचारधाराओं को बल मिलना था।

राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान प्रेस ने राष्ट्रवादी विचारधाराओं, स्वतंत्रता के महत्व तथा अंग्रेजों की दमनपूर्ण एवं शोषणकारी नीतियों का जमकर उल्लेख किया, जिसके फलस्वरूप औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध एक मानस तैयार हुआ। यह महत्वपूर्ण है कि जब पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ हुआ उस समय

समाज में सुधारवादी संगठनों की स्थापना हो चुकी थी और शिक्षित समाज ने प्रेस को एक नई दिशा दी। प्रेस के विकास का माध्यम राष्ट्रवादी चेतना का विकास ही था।

अम्बिका प्रसाद वाजपेयी ने प्रेस के विषय में ठीक ही लिखा था कि "भारत के प्रेस व छापेखाने और समाचार-पत्र गैर-सरकारी अंग्रेजों के उद्योग से स्थापित हुए थे। शासकों के पक्ष में पशुबल था और सम्पादकों पर नैतिक बल और अंत में उसकी विजय हुई।

**प्रश्न 8. असहयोग आन्दोलन के कारणों एवं परिणामों की व्याख्या करें।**

**उत्तर**–हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने और राष्ट्रीय आंदोलन को मजबूत करने के उद्देश्य से महात्मा गाँधी के नेतृत्व में काँग्रेस ने 1921 ई० में असहयोग आंदोलन की घोषणा की।

**असहयोग आन्दोलन के कारण**–(i) खिलाफत अर्थात तुर्की के खलीफा को पश्चिमी देशों द्वारा पद से हटा देने के खिलाफ शुरु हुए खिलाफत आंदोलन का समर्थन करना। (ii) पंजाब में ब्रिटिश सरकर की बर्बर कार्यवाईयों के विरुद्ध न्याय प्राप्ति। (iii) स्वराज्य की प्राप्ति।

**असहयोग आन्दोलन के परिणाम**–यह आंदोलन चौरी-चौरा की हिंसक घटना के बाद वापस ले लिया गया फिर भी यह आंदोलन लक्ष्य प्राप्ति में सफल रहा। इस आंदोलन के निम्नलिखित परिणाम हुए–(i) जनता का अपार सहयोग मिला जिससे यह और इसके बाद के आंदोलनों ने जनान्दोलन का स्वरूप ग्रहण किया। (ii) सरकारी शिक्षण संस्थाओं के बहिष्कार के कारण देशी शिक्षण संस्थाओं की स्थापना और विकास हुआ। जैसे–काशी विद्यापीठ, हिन्दी विद्यापीठ, जामिया मिलिया, हिन्दू विश्वविद्यालय आदि। (iii) इस आंदोलन में हिन्दू और मूसलमान दोनों ने एक होकर भाग लिया।

## राजनीति विज्ञान

**निर्देश : प्रश्न संख्या 9 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो कम उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** $2 \times 2 = 4$

**प्रश्न 9. लैंगिक विभेद से क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर**–समाज में परम्परागत रूप से महिलाओं को कमजोर जाति-वर्ग के रूप में माना जाता है। वह पुरुषों की एक अधीनस्थ स्थिति में होती है। वो घर और समाज दोनों में शोषित, अपमानित, अक्रमित और भेद-भाव से पीड़ित होती है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का ये अजीब प्रकार दुनिया में हर जगह प्रचलित है और भारतीय समाज में तो बहुत अधिक है। जहाँ तक कि महिलाओं के संबंध में हमारे दृष्टिकोण का सवाल हैं तो हम दोहरे-मानकों का एक ऐसा समाज है जहाँ हमारे विचार और उपदेश हमारे कार्यों से अलग है। हम 21वीं शताब्दी के भारतीय होने पर गर्व करते हैं जो एक बेटा पैदा होने पर खुशी का जश्न मनाते हैं और यदि एक बेटी का जन्म हो जाये तो शान्त हो जाते हैं। लड़के के लिये इतना ज्यादा प्यार कि लड़कों के जन्म की चाह में हम प्राचीन काल से ही लड़कियों को जन्म के समय या जन्म से पहले ही मारते आ रहे हैं, यदि सौभाग्य से वो नहीं मारी जाती तो हम जीवनभर उनके साथ भेदभाव के अनेक तरीके ढूँढ लेते हैं। अतः लिंगं के आधार पर विभिन्न प्रकार के भेदभाव ही लैंगिक असमानता है।

**प्रश्न 10. भारत ने बहुदलीय प्रणाली को क्यों अपनाया ?**

**उत्तर**–भारत विविधताओं का देश है। सभी नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अधिकार दिए गए है। सत्ता में सभी वर्गों की साझेदारी संभव हो सके इसलिए भारत ने बहुदलीय प्रणाली का अपनाया। एकदलीय या द्विदलीय प्रणाली में सत्ता की सही साझेदारी संभव नहीं है। साथ ही लोकतंत्र की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए जनता के लिए विकल्पों की बहुलता तथा निरंकुशता से बचने के लिए बहुदलीय शासन प्रणाली श्रेयष्कर है। अतः भारत ने बहुदलीय प्रणाली को अपनाया है।

**प्रश्न 11. लोकतंत्र से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**– लोकतंत्र का अर्थ जनता का शासन होता है। लोकतंत्र का अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी दो यूनानी शब्दों से बना है–डेमोस और क्रेशिया जिनका अर्थ क्रमशः जनता और शासन है। स्पष्ट है व्युत्पत्ति की दृष्टि से लोकतंत्र का अर्थ हुआ जनता का शासन।

**प्रश्न 12. गुप्त मतदान क्या है ?**

**उत्तर**–भारतीय संविधान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए गुप्त मतदान की व्यवस्था है। देश का प्रत्येक 18 वर्ष के ऊपर की आयु के मताधिकार प्राप्त प्रत्येक व्यक्ति को अपना मतदान, मतपत्र (वैलेट पेपर) अथवा ई. पी. एफ. मशीन द्वारा (वहाँ की व्यवस्था के अनुसार किसी व्यक्ति को बतलाए बिना, गुप्त ढंग से करना है। मतदाता अपनी पसंद के अनुसार योग्य उम्मीदवार के पक्ष में उस प्रत्याशी के नाम के आगे निशान लगाकर अथवा मशीन का बटन दबाकर (जहाँ जैसी व्यवस्था हो) गुप्त ढंग से अपना मतदान करता है। मतदान की निष्पक्षता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की गई है। इसी व्यवस्था को गुप्त मतदान प्रणाली कहा जाता है। इसके द्वारा अवैधानिक तथा अनैतिक कारगुजारियों पर व्यापक अंकुश लगाया जाता है।

**निर्देश : प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किसी एक का उत्तर दें? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।** $1 \times 4 = 4$

**प्रश्न 13. ग्राम पंचायत के संगठन एवं कार्यों का वर्णन करें।**

**उत्तर**–पंचायती राज का स्वरूप त्रिस्तरीय है—(i) ग्राम पंचायत (ii) पंचायत समिति (iii) जिला परिषद।

ग्राम पंचायत का प्रधान मुखिया होता है। ग्राम पंचायत का चुनाव ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा पाँच वर्ष के लिए किया जाता है। ग्राम पंचायत के प्रमुख अंग हैं—(i) ग्राम सभा (ii) कार्यकारिणी समिति (iii) पंचायत समिति सेवक (iv) ग्राम रक्षा दल (v) ग्राम कचहरी।

**ग्राम पंचायत के कार्य** : (i) पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए वार्षिक योजना तथा वार्षिक बजट तैयार करना।

(ii) प्राकृतिक विपदा में सहायता करने का कार्य करना।

(iii) सार्वजनिक संपत्तियों से अतिक्रमण हटाना।

(iv) स्वैच्छिक श्रमिकों को संगठित करना और सामुदायिक कार्यों में स्वैच्छिक सहयोग करना।

(v) नालियों, शौचालयों आदि का निर्माण करना एवं इसकी देखभाल करना।

(vi) स्वच्छ पेय जल का प्रबन्ध करना।

**प्रश्न 14. लोकतंत्र की सफलता के लिए कौन-सी आवश्यकता शर्तें हैं ?**

**उत्तर**–लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक कारकों का भारत में अभाव है। लोकतंत्र के बाधक तत्त्वों का निराकरण किया जाना चाहिए ताकि देश का समग्र विकास हो सके। लोकतंत्र की सफलता की प्रमुख शर्तों का निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत वर्णन किया जा सकता है–

**(i) प्रबुद्ध जनमत**–लोकतंत्र की सफलता का प्रथम शर्त यह है कि जनमत जागरूक एवं बुद्ध हो। क्योंकि यह विभिन्न सरकारों की गतिविधियों को नियंत्रित करती है। लोकतांत्रिक सरकार जनमत की उपेक्षा नहीं कर सकती है।

**(ii) राजनीतिक दलों की मजबूत स्थिति**–लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की सफलता के लिए मजबूत रानीतिक दलों का होना आवश्यक है। हमारे देश में सात राष्ट्रीय दल एवं सैकड़ों क्षेत्रीय राजनीतिक दल कार्यरत है।

**(iii) सामाजिक सौहार्द** : लोकतंत्र की सफलता के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न प्रजातियों एवं धर्म के माननेवाले लोगों में सामाजिक सौहार्द कायम रहे। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक समूहों के बीच सामंजस्य का होना बहुत जरूरी है।

**(iv) आर्थिक समानता**–लोकतंत्र की सफलता के लिए यह जरूरी है कि देश भर में आर्थिक समानता की स्थापना हो। भारत सरकार ने आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए पर्याप्त उपाय किये हैं।

## अर्थशास्त्र

**निर्देश : प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।**

$2 \times 2 = 4$

**प्रश्न 15. वस्तु विनियम प्रणाली को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर**–वस्तु-विनिमय प्रणाली के तहत जरूरत की वस्तुएँ, वस्तुओं के बदले में प्राप्त की जाती हैं। किसी एक वस्तु का इच्छित वस्तु के साथ बगैर मुद्रा के प्रत्यक्ष रूप से लेन-देन, वस्तु-विनिमय प्रणाली है। जैसे–चावल, धान, गेहूँ से नमक, तेल या जरूरत के अन्य सामान यहाँ तक कि कपड़ों को भी प्राप्त किया जाता है। इस प्रणाली द्वारा जरूरत की वस्तुओं को प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयाँ होती हैं। काफी पहले से प्रचलित, यह प्रणाली अब भी अनेक देहातों में मौजूद है।

**प्रश्न 16. आर्थिक नियोजन क्या है ?**

**उत्तर**–आर्थिक संसाधनों का पूर्व मूल्यांकन करके, पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को निश्चित समय में प्राप्त करने हेतु संसाधनों का योजनाबद्ध उपयोग करना, आर्थिक नियोजन कहलाता है। आर्थिक नियोजन के अन्तर्गत प्राथमिकताओं का निर्धारण कर लिया जाता है तथा साधनों का आवंटन उसी के अनुसार किया जाता है।

**प्रश्न 17. उपभोक्ता शोषण से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**–बाजार में उपयोग के तहत अनेक वस्तुएँ उपलब्ध हो गई हैं जिनके चौकाचौंध में अकसर उपभोक्ता भ्रमित हो जाते हैं कि कौन-सी खरीदें ताकि उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण होने लगता है।

**प्रश्न 18. बिहार में वैश्वीकरण के कोई दो नकारात्मक प्रभाव बताइए।**

**उत्तर–बिहार में वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभाव—**

**(i) कृषि एंव कृषि आधारित उद्योगों की उपेक्षा**—राज्य में कृषि पर किया गया निवेश संतोषजनक नहीं है। इन उद्योगों में वैश्वीकरण के पश्चात् जितना निवेश होना चाहिए, उतना नहीं हुआ है।

**(ii) कुटीर एवं लघु उद्योगों पर विपरीत प्रभाव**—कुटीर एवं लघु उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं से अच्छी और आकर्षक नहीं होती। इन उद्योगों पर खतरा उत्पन्न हो गया।

**निर्देश :–प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें ? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।**

$1 \times 4 = 4$

**प्रश्न 19. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ? अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के विषय में बताइए।**

**उत्तर**–अर्थव्यवस्था का तात्पर्य वैसी क्रियाओं का सम्पादन जिनमें आर्थिक उत्पादन निहित होता है। अर्थर लेविस ने अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में कहा है कि अर्थव्यवस्था का सम्बन्ध किसी राष्ट्र के सम्पूर्ण व्यवहार से होता है जिसके आधार पर मानवीय आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए अपने संसाधनों का प्रयोग करता है। ब्राउन ने कहा है कि अर्थव्यवस्था आजीविका अर्जन की एक प्रणाली है। कहना अनुचित नहीं होगा कि अर्थव्यवस्था आर्थिक क्रियाओं का ऐसा संगठन है जिसके अन्तर्गत लोग कार्य का मौका पाकर अपनी आजीविका का सम्पादन करते हैं।

**अर्थव्यवस्था के क्षेत्र :**

**(i) प्राथमिक क्षेत्र**—यह वह क्षेत्र है जो प्राकृतिक संसाधनों जैसे-भूमि, जल, वन खनन आदि संसाधनों का शोषण करके उत्पादन करता है। इसमें कृषि तथा संबंधित क्रियाएँ जैसे-मछली पालन, वन तथा खनन का उत्पादन शामिल होता है।

**(ii) द्वितीयक क्षेत्र**—इस क्षेत्र को निर्माण क्षेत्र भी कहते हैं, सभी प्रकार की वस्तु मनुष्य मशीन तथा पदार्थों द्वारा दूसरी वस्तु में बदलता है। उदाहरण कपास से कपड़ा अथवा गन्ना से चीनी आदि।

**(iii) तृतीयक क्षेत्र**—इस क्षेत्र को सेवा क्षेत्र भी कहते हैं जो प्राथमिक तथा द्वितीयक क्षेत्र को सेवाएँ प्रदान करता है। इसमें बैंक, बीमा, यातयात, संचार शामिल होते हैं।

**प्रश्न 20. बचत क्या है ? बचत को निर्धारित करने वाले तत्वों की विवेचना करें।**

**उत्तर**–आय में से उपभोग पर किये गये व्यय को घटाने से जो शेष बचता है उसे बचत कहते हैं। बचत को निर्धारित करने वाले तत्व–

**(i) आय में वृद्धि**–बचत आय पर निर्भर करती है। अतः बचत में वृद्धि करने के लिए आय में वृद्धि करना आवश्यक है। अविकसित देशों में लोगों की आय का स्तर विकसित देशों की तुलना में काफी कम होता है। अतः अविकसित देशों में बचत का स्तर भी निम्न होता है जिससे आर्थिक विकास की गति धीमी होती है।

**(ii) उपभोग में कमी**–चूँकि बचत आय एवं उपभोग का अन्तर होती है, अतः बचत में वृद्धि करने का सरल तरीका उपभोग में कमी करना है। ऐसा कहा जाता है कि भारत जैसे निर्धन एवं अविकसित देश में आय का स्तर इतना नीचा है कि उपभोग में कमी करने की गुंजाइश ही नहीं होती। लेकिन भारत जैसे निर्धन देश के लोगों को इस प्रकार का त्याग तो करना ही पड़ेगा क्योंकि बचत में वृद्धि कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का दूसरा सरल विकल्प नहीं है।

**(iii) बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं की संख्या में वृद्धि**–निर्धन एवं मध्य वर्ग के लोगों से छोटी-छोटी बचतों को एकत्रित करने के लिए देश में और विशेषकर ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं की संख्या में वृद्धि करना आवश्यक है।

## भूगोल

**निर्देश : प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्हीं तीन का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।**
$3 \times 2 = 6$

**प्रश्न 21. परंपरागत और गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों में अंतर बताइए**

**उत्तर**–परम्परात ऊर्जा जैसे लकड़ी, कोयला तथा पेट्रोलियम अनवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत हैं ये समाप्त होने वाले हैं परन्तु अपराम्परागत ऊर्जा जैसे सौर, पवन, परमाणु नवीकरणीय और अक्षय ऊर्जा के स्रोत हैं।

**प्रश्न 22. खनिज को परिभाषित कीजिए ।**

**उत्तर**–खनिज घात्विक एवं अधात्विक पदार्थों का संयोग है जिसमें भौतिक एवं रासायनिक विशिष्टताएँ निहित होती हैं। ये निश्चित रासायनिक संयोजन एवं विशिष्ट परमाण्विक संरचना वाले गुणों से युक्त होते हैं।

**प्रश्न 23. भारतीय नदियों के प्रदूषण के कारणों का वर्णन करें ।**

**उत्तर–भारत की नदियों के प्रदूषण के कारण निम्नलिखित हैं–**

(i) शहरों में बढ़ती आबादी और जीवन शैली। (ii) वाहित मल जल का नदियों में निस्तारण (iii) धार्मिक अनुष्ठान एवं अंधविश्वास (iv) औद्योगिक अवशिष्टों का नदियों में निस्तारण (v) शवों का विसर्जन।

**प्रश्न 24. पर्यावरण के लिए वन क्यों महत्वपूर्ण हैं ?**

**उत्तर**–वन पृथ्वी का सुरक्षा कवच है। यह न केवल संसाधन होता है बल्कि परिस्थैतिक तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण घटक है। वह मृदा कटाव को रोकने के साथ ही पर्यावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को घटाते हुए जीवदायी ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है। यह भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के साथ ही वर्षा की उपलब्धता में वृद्धि करता है।

**प्रश्न 25. भारत की दो नकदी एवं दो रेशेवाली फसलों के नाम बताइए**

**उत्तर–नकदी फसल**—चाय, कॉफी। **रेशेवाली फसल**—कपास, जूट

**प्रश्न 26. नदी घाटी परियोजना के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–नदीघाटी परियोजना के लाभ :**

(i) बाढ़ नियंत्रण (ii) मृदा अपरदन पर नियंत्रण

**निर्देश : प्रश्न संख्या 27 से 28 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।**
$1 \times 4 = 4$

**प्रश्न 27. किस प्रकार मानवीय क्रियाएँ वनस्पति एवं जीव-जन्तुओं के ह्रास के लिए उत्तरदायी है ?**

**उत्तर–वनस्पति एवं जीव-जंतुओं के ह्रास के लिए उत्तरदायी मानवीय क्रियाएँ–**

(1) औद्योगिक विकास, नगरीय आवास, बड़े बीच और बड़ी परियोजनाएँ वन्य जीवों के स्वाभाविक निवास–जंगल, नदी, तालाब, निम्नतलीय जल-जमाव के क्षेत्र (चँवर या चौर, टाल, बेटलैंड) इत्यादि को कम कर रहे हैं।

(2) प्रदूषण, अम्ल-वर्षा, ग्रीनहाउस प्रभाव से उत्पन्न गर्मी इत्यादि से जीवों की प्रजनन-शक्ति घट रही है। जीवन-चक्र पूरा न होने से उनकी नई संतानें या तो उत्पन्न नहीं हो पाती या अल्पजीवी हो जा रही है।

(3) विभिन्न उपयोगों के लिए जीवों का शिकार गैरकानूनी तरीके से होता रहता है। जीवों का गुण ही उनके लिए काल बन जाता है। तुच्छ आर्थिक लाभ के लिए उनकी बलि दी जा रही है, अर्थात जीवों का शिकार उनके अस्तित्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

**प्रश्न 28. बिहार में कृषि की समस्याओं की विवेचना कीजिए ।**

**उत्तर**–बिहार कृषि संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, जिनमें निम्नलिखित प्रमुख हैं

**(i) सिंचाई की समस्या**—बिहार की कृषि मानसून पर निर्भर है। बाढ़ और सुखाड़ यहाँ की नियति है। फिर भी सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है केवल 46% भूमि की ही सिंचाई हो पाती है, शेष भाग सिंचाई से वंचित रह जाता है।

**(ii) मिट्टी कटाव एवं गुणवत्ता में ह्रास**—भारी वर्षा एवं बाढ़ के कारण मिट्टी का कटाव होता है। लोगों द्वारा वर्षों से लगातार रासायनिक खादों के उपयोग के कारण मिट्टी की उर्वरा उर्वरा शक्ति का ह्रास हुआ है।

**(iii) घटिया बीजों का उपयोग**—उच्च कोटि के बीज का उपयोग नहीं होने के कारण बिहार में प्रति एकड़ उपज अन्य राज्यों से कम है।

**(iv) खेतों का आकार**—बिहार में खेतों का आकार छोटा है जिसके कारण वैज्ञानिक पद्धति से खेती नहीं हो पाती।

**(v) किसानों में रूढ़िवादिता**—बिहार के किसान परिश्रम कम भाग्य और रूढ़िवादिता पर अधिक विश्वास करते हैं।

**(vi)** बिहार राज्य की अधिकांश नदियाँ विनाशकारी बाढ़ के लिए प्रसिद्ध हैं। बिहार का भौगोलिक क्षेत्रफल 93.6 लाख हेक्टेयर है जिसमें योजना आयोग के अनुसार 64 लाख हेक्टेयर भूमि बाढ़ ग्रस्त है।

## आपदा प्रबंधन (DISSASTER MANAGEMENT)

**निर्देश : प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।**
$2 \times 2 = 4$

**प्रश्न 29. आकस्मिक प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका का वर्णन करें।**

**उत्तर**–आकस्मिक प्रबन्धन में स्थानीय प्रशासन को महत्त्वूर्ण भूमिका होती है। स्थानीय प्रशासन के लिए आवश्यक है कि वे राहत शिविर का निर्माण करें। निर्मित शिविर में सभी उपकरण एवं प्राथमिक उपचार की सामग्रियाँ उपलब्ध कराएँ और एम्बुलेंस, डॉक्टर, अग्निशासक आदि की व्यवस्था में तत्परता दिखाएँ। जल्द-से-जल्द राहत राशि एवं राहत सामग्री को पहुँचाकर आपदा प्रबन्धन को सहज तथा सरल बनाएँ।

**प्रश्न 30. सुनामी से बचाव के दो उपायों का उल्लेख कीजिए**

**उत्तर**–सुनामी एक विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है। इससे बचाव के उपाय निम्न हैं-(i) समुद्र तटीय क्षेत्रों के समीपों मैंग्रोव वनस्पति का विकास करना। (ii) तटीय क्षेत्रों के समीप रहनेवाले लोगों को प्रशिक्षित करना। (iii) समुद्र के नजदीक कंक्रीट तटबंधों का निर्माण करने।

**प्रश्न 31. प्राकृतिक आपदा के विभिन्न प्रकारों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर**–प्रकृति में होनेवाले परिवर्तन जो प्राकृतिक संकट और आपदाओं को आमंत्रित करते हैं, उन्हें निम्नांकित कई वर्गों में बाँटा जा सकता है–

**(i) धीमी गति से होनेवाले परिवर्तन**–स्थलाकृतियों में बदला, जीवों के लक्षणों में परिवर्तन इत्यादि।

**(ii) तीव्रगति से होनेवाले परिवर्तन**–भूकंप, सुनामी, तूफान, ज्वालामुखी-विस्फोट इत्यादि।

**(iii) सीमित क्षेत्र को प्रभावित करनेवाले परिवर्तन**–आँधी-तूफान, टॉरनेडो, ओलापात इत्यादि।

**(iv) विस्तृत क्षेत्र को प्रभावित करनेवाले परिवर्तन**–ओजोन परत का क्षरण, भूमंडलीय तापन इत्यादि।

**प्रश्न 32. सूखे को परिभाषित कीजिए ।**

**उत्तर**–50 cm से कम वार्षिक वर्षावाले क्षेत्र तो स्वभावतः सूखे की स्थिति में होते हैं। परंतु अन्य क्षेत्रों में वार्षिक वर्षा 25 प्रतिशत से भी कम हो तथा प्रायः 30 प्रतिशत फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने लगे तो वहाँ सूखे की स्थिति मानी जाती है।